भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1468**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**नई रिंग रोड**

1468. कैप्टन बृजेश चौटा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शहरों और कस्बों के चारों ओर नई रिंग रोड को स्वीकृति देने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या है;

(ख) कर्नाटक और विशेष रूप से दक्षिण कन्नड़ में स्वीकृत और प्रक्रियाधीन ऐसी रिंग रोडों की सूची क्या है;

(ग) क्या मंगलुरु शहर के चारों ओर रिंग रोड बनाने की योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विद्यमान राजमार्गों पर नई बाइपास सड़कों को स्वीकृति देने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या है; और

(ङ) क्या मंगलुरु शहर को बाइपास करते हुए बी.सी. रोड को सुरथकल या मुल्की से जोड़ने वाली एक बाइपास सड़क बनाए जाने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात की भीड़भाड़ कम करने और जाम की समस्या को दूर करने के लिए राज्य सरकारों के परामर्श से प्रमुख शहरों/नगरीय केंद्रों और राज्य की राजधानियों में विकास के लिए रिंग रोड, बाईपास और उत्थापित (एलिवेटेड) कॉरिडोर के प्रस्तावों की मंजूरी/ स्वीकृति प्रदान करती है। कर्नाटक में कार्यान्वयनाधीन/ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) चरण के अंतर्गत बाईपास/रिंग रोड का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। अनुमोदन संबंधी निर्णय यातायात सघनता, गति में कमी, शहर में प्रवेश/ निकास वाली सड़कों की संख्या, सड़कों की स्थिति, परस्पर प्राथमिकता आदि और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिए जाते हैं।

**अनुबंध**

**"नई रिंग रोड"** के संबंध में कैप्टन बृजेश चौटा द्वारा पूछे गए दिनांक 13 फरवरी 2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1468 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| **कर्नाटक में कार्यान्वयनाधीन/डीपीआर चरण के अंतर्गत बाईपास/रिंग रोड का विवरण** | | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्थिति |
| 1 | सैटेलाइट टाउन रिंग रोड (एसटीआरआर) से बैंगलोर शहर | बैंगलोर शहर तक सैटेलाइट टाउन रिंग रोड (एसटीआरआर) की 144 किलोमीटर लंबाई निर्माणाधीन चरण में है और शेष 144 किलोमीटर लंबाई के लिए डीपीआर सौंप दी गई है। |
| 2 | बेल्लारी बाईपास | कार्यान्वयन चरण के अंतर्गत |
| 3 | बेलगावी रिंग रोड | पैकेज-I (34 किमी) निर्माण के लिए सौंप दी गई है तथा शेष 35 किमी लंबाई के लिए डीपीआर सौंपा गया है। |
| 4 | तुमकुर बाईपास | विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंपी गई है। |
| 5 | मैंगलोर बाईपास | |

*****